Title: Request the Central Government to provide kerosene oil through fare prices shop at minimum rates to farmers of the state of Jharkhand.

राम टहल चौधरी (रांची) : उपाध्यक्ष महोद्य, रांची और सम्पूर्ण झरखंड क्षेत्र में किसानों को मिट्टी का तेल अलग से देने की व्यवस्था थी। अभी वह व्यवस्था खत्म कर दी गई है जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। बाजार में कैरोसिन 15-16 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि किसानों को सिंचाई के लिए अलग से तेल की व्यवस्था की जाए। उनको सरकार की तरफ से लोन पर डीजल पंप दिया गया लेकिन वह बेकार पड़ा है क्योंकि तेल नहीं मिल रहा है। मेरा आग्रह है कि केन्द्र सरकार किसानों के लिए अलग से कैरोसिन तेल की व्यवस्था उचित दर पर करने का कष्ट करे।